न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन, बॉसगॉव–गोरखपुर।

मूलवाद संख्या– 1206 / 2016

जगतपाल––बनाम––––––––मालतीदेवी वगैरह

जे.ओ. कोड– यू.पी. 3679

सी.एन.आर. नम्बर– यू.पी.जी.के. 120079382016

**<u>दिनांक 15.11.2022:–</u>**

पत्रावली प्रस्तुत। पुकार पर उभयपक्ष जरिए अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना–पत्र 24ग नियत है। प्रार्थना–पत्र 24ग इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि उसे वादी मुकदमा द्वारा प्रतिवादी संख्या–01 बनाकर गलत आधार पर दावा प्रस्तुत कर चोरी–चोरी उसके विरुद्ध तामीला कराकर एकपक्षीय रूप से मौके की आयी अमीन रिपोर्ट को दिनांक 04.04.2018 को साक्ष्याधीन पुष्ट करवा लिया है। उक्त आदेश की जानकारी उसे दिनांक 18.12.2019 को तहसील के अधिवक्ता के माध्यम से हुई है जो काफी देरी से हुई है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर आदेश दिनांकित 04.04.2008 रिकाल कर प्रतिवादी संख्या–01 की आपत्ति लेकर मुकदमें को गुणदोष पर निस्तारित किए जाने की याचना की गयी है।

वादी की तरफ से प्रार्थना–पत्र पर आपत्ति 25ग प्रस्तुत कर प्रार्थना–पत्र 24ग निरस्त किए जाने की याचना की गयी है। समर्थन में शपथ–पत्र 26ग प्रस्तुत किया गया है।

सुना पत्रावली अवलोकित। विधि का यह सुस्थापित सिद्धान्त है कि किसी भी प्रकरण का निस्तारण उभयपक्ष को सुनकर गणदोष के आधार पर किया जाए। प्रार्थना–पत्र 24ग न्यायहित में स्वीकार किए जाने योग्य है। आदेश दिनांकित 04.04.2018 रिकाल किए जाने योग्य है।

## <u>आदेश</u>

प्रार्थना–पत्र 24ग स्वीकार किया जाता है। मुकदमें में पारित एकपक्षीय आदेश दिनांकित 04.04.2018 रिकाल किया जाता है। पत्रावली वास्ते अग्रिम कार्यवाही दिनांक 17.01.2023 को पेश हो।

––सिविल जज, जू0डि0, बॉसगॉव
गोरखपुर।